हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 203 देहरादून, बृहस्पतिवार, 2 फरवरी, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



मंत्री सतपाल महाराज ने किया एकेश्वर ब्लॉक के संतूधार 100 करोड़ 70 लाख की योजनाओं के शिलान्यास एवं लोकार्पण 3

# केन्द्रीय बजट 2023-24 देश के समावेशी विकास और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने वाला : सीएम धामी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्रीय बजट 2023 -24 हेतु केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई देते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। 2014 से सरकार के प्रयासों से प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक बढक़र 1.97 लाख रुपये हो गई है। इन 9 वर्षों में, भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में बढ़ी है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी ने प्रधानमंत्री जी के सबका साथ सबका विकास के मंत्र पर बजट पेश किया है। समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, बुनियादी ढांचे और निवेश, क्षमता विस्तार, हरित विकास, युवा शक्ति, और वित्तीय क्षेत्र को समर्पित ये बजट, अमृत काल के विजन को बताता है। यह अमृत काल का पहला बजट है। इस बजट में किसान, मध्य वर्ग, महिला से लेकर समाज के सभी वर्गो के विकास की रूपरेखा है।

केन्द्रीय बजट 2023-24 देश के समावेशी विकास और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने वाला है। बजट में खाद्य और पोषण सुरक्षा को सुनिश्चित रखते हुए अगले 1 वर्ष तक सभी प्राथमिकता वाले परिवारों को मुफ्त अनाज की आपूर्ति का निर्णय अत्यन्त सराहनीय है। बजट में राज्यों को 50 साल का ब्याज मुक्त कर्ज एक और साल के लिए बढ़ाया गया है। ये केंद्र की टीम इंडिया की भावना को बताता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा उद्यमियों द्वारा कृषि-स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि कोष बनाया जाएगा। अगले 3 वर्षों में 1 करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए सहायता मिलेगी। पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन पर ध्यान देने के साथ कृषि कर्ज लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये किया जाएगा। इससे देश के साथ ही उत्तराखंड राज्य के किसानों, बागवानों, पशुपालको और मत्स्य पालकों को भी लाभ मिलेगा।

जनजातीय समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए पीएम पीवीटीजी विकास मिशन शुरू किया जाएगा। राज्यों की सक्रिय भागीदारी, सरकारी और सार्वजनिक पार्टनरशिप के साथ मिशन मोड पर पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। क्षेत्रीय हवाई संपर्क में सुधार किया जाएगा। उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था के लिए पर्यटन का महत्व बहुत अधिक है। निश्चित रूप बजट में पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए की जा रही पहल प्रदेश में पर्यटन विकास में काफी सहायक सिद्ध होगी। वाइब्रेंट विलेज के माध्यम से सीमावर्ती गांवों के विकास पर फोकस किया जायेगा। इससे राज्य के सीमावर्ती गांवों को भी लाभ मिलेगा।



मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि बजट में नया टैक्स स्लैब लाया गया है। इससे मध्यम वर्ग और नौकरी पेशा को काफी राहत मिलेगी। आयकर छूट का दायरा बढ़ाया गया। यह बजट हमारे वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं के लिए भी खास रहा है। वरिष्ठ नागरिक खाता स्कीम की सीमा अब 4.5 लाख से बढक़र 9 लाख की जाएगी। महिलाओं के लिए नई बचत योजना की घोषणा की गई है। इसमें महिलाओं को 2 लाख की बचत पर 7.5 प्रतिशत का ब्याज मिलेगा। बजट में जहां गरीबों, मध्यम वर्ग, महिलाओं, युवाओं, उद्यमियों किसानों, शिल्पकारों, वरिष्ठ नागरिकों सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है, वही इकोनॉमी की मजबूती और रक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कुल मिलाकर कहा जाए तो यह बजट सच्चे मायनों में अमृत काल का बजट है। युवाओं, महिलाओं, किसानों, गरीबों, मध्यम वर्ग का बजट है। आशा ही नहीं, पूर्ण विश्वास है कि उत्तराखण्ड राज्य तथा प्रदेशवासी बजट से पूर्णतः लाभान्वित होंगे।



## सीएम धामी ने राज्यपाल गुरमीत सिंह से भेंटकर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक कपकोट सुरेश गडिया, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी गीता धामी, पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने राज्यपाल से भेंट कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

## वर्षा-बर्फबारी के बाद मौसम शुष्क, मैदानों में घने कोहरे के साथ हुई सुबह की शुरुआत



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। उत्तराखंड में दो दिन हुई भारी वर्षा और बर्फबारी के बाद मौसम शुष्क हो गया है। ज्यादातर क्षेत्रों में चटख धूप खिलने से ठंड से राहत रही। हालांकि, सुबह-शाम कंपकंपी बरकरार है। वहीं बुधवार को राजधानी देहरादून सहित लगभग सभी मैदानी इलाकों में घना कोहरा छाया रहा।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले कुछ दिन मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। जिससे कड़ाके की ठंड से राहत मिल सकती है, हालांकि सुबह-शाम सर्द हवाएं चल चलने की संभावना है। मैदानों में घने कोहरे को लेकर भी यलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं पहाड़ों में पाला दुश्वारियां बढ़ा सकता है।

मंगलवार को प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में आसमान साफ रहा और दिनभर चटख धूप खिली। चोटियों पर हुए भारी हिमपात के बाद निचले क्षेत्रों में सर्द हवाओं ने कंपाया। हालांकि, दोपहर में चटख धूप के बीच ठंड महसूस नहीं की गई। ज्यादातर क्षेत्रों में भी पारे में इजाफा हुआ।

जनवरी में उत्तराखंड में कुल 31 मिलीमीटर वर्षा हुई है, जो कि सामान्य से 27 प्रतिशत कम है। देहरादून और उत्तरकाशी ही ऐसे जनपद हैं, जहां वर्षा सामान्य से अधिक रही। दिसंबर में हुई छह मिलीमीटर वर्षा सामान्य से 99 प्रतिशत कम थी। जबकि, नवंबर में 14 मिलीमीटर वर्षा भी करीब 90 प्रतिशत कम रही। वर्ष 2018 के बाद यह शीतकाल में हुई सबसे कम वर्षा है। तब शीतकाल में कुल 32 मिलीमीटर वर्षा हुई थी, जो कि सामान्य से 87 प्रतिशत कम आंकी गई थी। जबकि, इस बार शीतकाल में उत्तराखंड में औसत 54 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। जो कि सामान्य से 68 प्रतिशत कम है।

## फूड ब्लॉगर की चलती कार के ऊपर गिरा पेड़ कार क्षतिग्रस्त, चालक बाल-बाल बचा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नैनीताल। शहर के समीपवर्ती नैना गांव क्षेत्र में फूड ब्लॉगर की चलती कार के ऊपर पेड़ गिर गया। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि गनीमत रही कि चालक बाल-बाल बच गया। घटना के बाद सड़क पर लंबा जाम लग गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सड़क से पेड़ हटवा कर जाम खुलवाया। जानकारी के मुताबिक हल्द्वानी निवासी आशीष चंद्रा बुधवार सुबह अपनी कार संख्या यूके 04- 9248 से नैनीताल की ओर आ रहे थे। वह नैना गांव के समीप पहुंचे ही थे कि अचानक कार के ऊपर पेड़ गिर गया। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि आशीष बाल-बाल बच गए। उन्हें हल्की चोट आई है। कार चालक आशीष फूड ब्लॉगर का हल्द्वानी स्ट्रीट फूड के नाम से चैनल है। वह हल्द्वानी मेडिकल कालेज निवासी हैं। हादसे के बाद सड़क पर यातायात बाधित हो गया। राहगीरों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची ज्योलीकोट पुलिस ने पेड़ हटवा कर किसी तरह यातायात सुचारू करवाया।



# पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स ने यूपीसीएल मुख्यालय पर प्रदर्शन कर जताया विरोध

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। उत्तराखंड पावर जूनियर इंजीनियर एसोसिएशन ने यूपीसीएल मैनेजमेंट पर पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स के प्रमोशन लटकाने का आरोप लगाया।

मैनेजमेंट की भूमिका को संदिग्ध करार देते हुए मुख्यालय पर प्रदर्शन कर विरोध जताया। मुख्यालय पर विरोध दर्ज कराने के दौरान केन्द्रीय महासचिव पवन रावत ने कहा कि प्रबंधन सहायक अभियंता से अधिशासी अभियंता के पदों पर वरिष्ठता सूची का विवाद बताकर प्रमोशन नहीं कर रहा है। जबकि हकीकत ये है कि किसी भी न्यायालय ने प्रमोशन को लेकर कोई स्टे नहीं दिया है। इसके बावजूद एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य एसपी कुडियाल को बिना प्रमोशन ही रिटायर होना पड़ा है। वरिष्ठता सूची में उनसे जूनियर को जरूर प्रमोशन का लाभ दे दिया गया। समय पर एसीआर जमा कराने के बाद भी प्रमोशन नहीं किया गया। इसके विरोध में आंदोलन तेज होगा।

केन्द्रीय अध्यक्ष जेसी पंत ने कहा कि प्रबंधन हठधर्मिता पर अड़ा है। पहले सही वरिष्ठता सूची जारी करने की बजाय बेवजह वरिष्ठता सूची का विवाद खड़ा किया जा रहा है। प्रबंधन की भूमिका निष्पक्ष नहीं है। जूनियर इंजीनियर संवर्ग के साथ एकतरफा पक्षपातपूर्ण कार्यवाही की जा रही है।



कहा कि जल्द शासन स्तर पर उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाए। ताकि तीनों निगमों में सेवा नियमावली का एक जैसा क्रियान्वयन हो। वर्ष 2018 में जिन सहायक अभियंताओं के प्रमोशन एसीआर की वजह से रह गए, उनके प्रमोशन 2018 से ही किए जाएं। मानव संसाधन विभाग में इंजीनियरों के स्थान पर कार्मिक और विधि विशेषज्ञों की तैनाती की जाए। 15 फरवरी तक मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं होने पर 16 फरवरी को ऊर्जा भवन मुख्यालय पर धरना होगा।

विरोध जताने वालों में जीएन कोठियाल, एसपी कुडियाल, रविन्द्र सैनी, केडी जोशी, सुनील पोखरियाल, रामकुमार, आलोक चौहान, शशिकांत, राहुल अग्रवाल, संतोष बड़ोनी, नवनीत चौहान, विमल कुलियाल, मनोज कंडवाल, मनोज रावत, प्रमोद भंडारी, मनीष पांडे, राजीव खर्कवाल, संजय कुमार, गजेन्द्र चौहान, हरीश बल्लभ, अंशुल ध्यानी, शीतल सैनी, सपना, विक्रम राणा, सन्तोष डबराल, पंकज थपलियाल, विनीत गुप्ता, बबलू सिंह आदि मौजूद रहे।

# करोड़ की धोखाधड़ी में निदेशक समेत पांच लोगों पर केस दर्ज

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार। कच्चा माल खरीदने के बाद 38 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में कंपनी के निदेशक समेत पांच लोगों के खिलाफ रानीपुर पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक गाजियाबाद स्थित हाईटैक फैरस एंड ननफैरस इंडिया कंपनी के निदेशक प्रदीप कुमार ने शिकायत देकर बताया कि उनकी कंपनी लोहे के अलग-अलग क्वालिटी के तार की सप्लाई करती है। वर्ष 2011 में निपमेन फास्टनर इंडस्ट्रीज प्रा.लि. पता प्लाट नं-9, औद्यागिक पार्क द्वितीय चरण, सलेमपुर महदूद के प्रबंध निदेशक प्रवीण मल्होत्रा ने उनसे संपर्क साधा। उन्हें जानकारी दी कि उनकी कंपनी को नट-बोल्ट के कच्चे लोहे की तार जरूरत होती है। चार अप्रैल 2011 को एक प्रचेज ऑर्डर दिया। इसके बाद कंपनी को कच्चा माल दिया जाने लगा। आरोप है कि माल का भुगतान करने के लिए कहा गया। लेकिन भुगतान नहीं हुआ। कंपनी की दूसरी निदेशक प्रियंका मल्होत्रा, निपुन मल्होत्रा, मानिक से संपर्क किया। उन्होंने देरी से भुगतान से होने वाले नुकसान के कारण 24 फीसदी ब्याज के साथ प्रतिवर्ष के हिसाब से भुगतान करने का भरोसा दिलाया। लेकिन आज तक भुगतान नहीं किया। अब तक करीब कच्चे माल, ब्याज और भाडा मिलाकर 38 करोड़ से अधिक की रकम धोखाधड़ी कर हड़पी गई है। एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है।

# वनाग्नि रोकथाम को लेकर डीएम ने दिए अधिकारियों को निर्देश

हरिद्वार। जिलाधिकारी विनय शंकर पांडेय ने वनाग्नि की रोकथाम के लिए अधिकारियों को निर्देश जारी किए है। डीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि रोजाना तकनीक बदल रही है। तकनीक के अनुसार फायर वाचर की ट्रेनिंग कराई जाए। साथ ही फायर वाचर के मोबाइल नंबर आपदा प्रबंधन प्रभाग को उपलब्ध कराया जाए। वहीं कंट्रोल रूम के नंबर का प्रचार-प्रसार किया जाए। ताकि वनों में आग लगने के समय आपसी तालमेल से वनाग्नि पर जल्द से जल्द काबू पाया जा सके। डीएम ने यह भी निर्देश दिये कि मार्च माह में वनाग्नि की रोकथाम की तैयारियों के लिए मॉक ड्रिल कराई जाए। डीएम की अध्यक्षता में बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला वनाग्नि प्रबंधन योजना वर्ष 2023 की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानवीय कारणों में बीड़ी-सिगरेट से जंगलों में आग लगना, शरारती तत्वों द्वारा आग लगाया जाना आदि विषयों पर सूचना तंत्र को मजबूत किया जाए।

# एम्स ऋषिकेश में लोगों को मिलेगी फ्री इंटरनेट सेवा, निशुल्क वाईफाई सेवा शुरू

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश। एम्स ऋषिकेश में मरीजों को अब इंटरनेट सुविधा के लिए परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी। मरीजों के हित में संस्थान में पीएम वाणी हाई स्पीड इंटरनेट सेवा शुरू करने की तैयारी हो गई है। यह सुविधा मरीजों को निशुल्क उपलब्ध होगी और सम्पूर्ण ओपीडी और आईपीडी एरिया में यह वाई-फाई नेटवर्क कार्य करेगा। बुधवार को एम्स ऋषिकेश के मेडिकल ब्लॉक में पीएम वाणी हाई स्पीड इंटरनेट सुविधा के ट्रॉयल रन का उद्घाटन कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि इस सुविधा के शुरू हो जाने से मरीजों को एम्स कैम्पस में 24 घंटे वाई-फाई कनेक्टिविटी की सुविधा प्राप्त हो सकेगी। उन्होंने कहा कि हाई स्पीड की इस इंटरनेट सुविधा से मरीजों को अपना पंजीकरण कराने, विभिन्न जांच रिपोर्टों और इलाज से संबन्धित अन्य डाटा को जल्द डाउनलोड करने सहित मोबाइल डाटा से संबंधी अन्य मामलों में कनेक्टिविटी का सीधा लाभ प्राप्त होगा। शुरुआती चरण में निशुल्क नेटवर्क सेवा की यह सुविधा अस्पताल के ओपीडी एरिया और आईपीडी एरिया में प्रदान करने की योजना है। बाद में इस सुविधा से संस्थान के अन्य एरिया को भी




जोड़ा जाएगा। दूर संचार विभाग मेरठ मंडल के वरिष्ठ उप महानिदेशक देव कुमार चक्रवर्ती ने कहा कि केन्द्र सरकार की उच्च गति की यह इंटरनेट सुविधा विशेषतौर से भीड़-भाड़ वाले स्थानों, सघन आबादी वाले क्षेत्रों और कमजोर नेटवर्क वाले स्थानों के लिए लाभकारी है। मौके पर डीन एकेडमिक प्रो. जया चतुर्वेदी, उप निदेशक प्रशासन ले. कर्नल एआर मुखर्जी, आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### यमकेश्वर में शिक्षा विभाग की बिल्डिंग से चलेगा थाना

ऋषिकेश। यमकेश्वर ब्लॉक में प्रस्तावित पुलिस थाने और चौकी का संचालन शुरू कर दिया गया है। थाने को वैकल्पिक तौर पर शिक्षा विभाग की बिल्डिंग से संचालित करने का निर्णय लिया गया है। जबकि, बीरोंखाल चौकी का कामकाज पटवारी चौकी से ही शुरू किया जाएगा। निरीक्षक और चौकी प्रभारी की नियुक्ति के साथ ही आठ पुलिस कर्मियों का स्टाफ भी तैनात कर दिया गया है। एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे ने यमकेश्वर थाने की जिम्मेदारी उमेश कुमार को सौंपी है। चौकी के लिए अमित भट्ट की नियुक्ति की गई है। यमकेश्वर में शिक्षा विभाग की एक खाली पड़ी बिल्डिंग से फिलहाल थाने का संचालन होगा। इसके लिए भवन की मरम्मत और रंगाई-पुताई का काम भी शुरू कर दिया गया है। बीरोंखाल में पटवारी चौकी में ही पुलिस चौकी शुरू होगी। स्थानीय लोग अब किसी भी तरह की अपराध से संबंधित शिकायत थाने और चौकी में कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें आवश्यक नंबर भी पुलिस की ओर से दिए गए हैं। थाने और चौकी को जिला पुलिस मुख्यालय से अभी चार-चार कांस्टेबल उपलब्ध कराए गए हैं। विधिवत संचालन होने पर पुलिसकर्मियों की पर्याप्त तैनाती की बात एसएसपी ने कही है। यमकेश्वर थाने में कुल 171 गांव शामिल हैं। पुलिस चौकी को राजस्व पुलिस से 99 गांव हस्तांतरित किए गए हैं।

### सडक़ के डामरीकरण को लेकर लोगों ने दिया धरना

उत्तरकाशी। ज्ञानसू ज्ञाणजा मोटरमार्ग के डामरीकरण और प्रतिकर भुगतान की मांग को लेकर क्षेत्रीय ग्रामीण पीएमजीएसवाई कार्यालय जोशियाड़ा में मौन व्रत तथा अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। इस दौरान ग्रामीणों ने विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को ज्ञाणजा, साल्ड, बसूंगा आदि गांवों के ग्रामीण जोशियाड़ा कंसेण स्थित पीएमजीएसवाई कायालय परिसर पहुंचे। यहां ग्रामीणों ने मौन व्रत और अनिश्चितकालीन धरना शुरू करते हुए विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने कहा कि ज्ञानसू-ज्ञाणजा मोटरमार्ग पर डामरीकरण न होने से क्षेत्रीय ग्रामीणों को आवागमन करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दो साल डामरीकरण की मांग को लेकर विभाग सहित शासन प्रशासन को मौखिक और लिखित रूप से अवगत करा चुके हैं, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। ग्रामीण विपिन नेगी ने कहा कि ज्ञाणजा मोटरमार्ग का किसानों को अब तक प्रतिकर भुगतान भी नहीं हुआ है। जिस कारण ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। धरना देने वालों में नीरज पंवार, हेमराज पंवार, अनुराग बिष्ट, अर्जुन पंवार, नागेंद्र पंवार, दीपक नेगी, गौतम पंवार, सौरव नेगी, कैलाश नेगी, अमित, विपिन आदि थे।

### उत्तरकाशी पहुंची भाजपा नेत्री अर्पणा यादव, आम बजट को सराहा

उत्तरकाशी। भारतीय जनता पार्टी की नेता अपर्णा यादव बुधवार शाम उत्तरकाशी पहुंची। जहां उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन करने के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि केन्द्र सरकार की ओर से जारी किए गए आम बजट में महिलाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। महिलाओं के लिए नई योजना के तहत 7.5 प्रतिशत की दर से महिला सम्मान बचत पत्र जारी किए जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी के संरक्षक रहे स्व. मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू और भाजपा नेत्री अपर्णा यादव बुधवार शाम को अपने मायके उत्तरकाशी पहुंची। जहां मातली हैलीपैड पर बरसाली क्षेत्र के लोगों एवं भाजपा नेताओं ने उनका फूलमालाओं से स्वागत किया। इसके बाद वह सीधे उत्तरकाशी के प्रसिद्ध विश्वनाथ मंदिर पहुंची और पूजा अर्चना कर अपनी व परिवार की कुशलता की कामना की। वरिष्ठ भाजपा नेता लोकेन्द्र सिंह बिष्ट ने बताया कि उत्तर प्रदेश के पूर्व सूचना आयुक्त और अर्पणा के पिता अरविंद बिष्ट ने अपने घर पर सैणी में पांच दिवसीय अनुष्ठान रखा है, जो गुरुवार को पूर्ण होगा। इस पूजा अर्चना के कार्यक्रम में अपने सभी परिजनों सहित अपर्णा को भी शामिल होने के लिए बुलाया है। बताया कि गुरुवार को पूर्णाहुति होने के बाद प्रसाद ग्रहण कर वह वापस यूपी के लिए रवाना होगी। वहीं दूसरी आरे विश्वनाथ के दर्शन करने के बाद मीडिया से बातचीत करती अर्पणा ने कहा कि केन्द्रीय वित्त मंत्री सीता रमण ने जो बुधवार को आम बजट पेश किया है, उसमें महिलाओं को विशेष ध्यान रखा गया है। इस आम बजट में हर वर्ग को ध्यान में रखा गया है। जिस पर लोगों में काफी खुशी है।

### कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी का पुतला फूंका

उत्तरकाशी। उत्तराखंड भाजपा सरकार में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी द्वारा इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की शहादत को हादसा बताए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। कार्यकर्ताओं ने बुधवार को हनुमान चौक पर एकत्रित होकर गणेश जोशी का पुतला दहन किया और विरोध जताया। बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष मनीष राणा के नेतृत्व में गांधी वाचनालय में एकत्रित हुए। जहां से सभी कार्यकर्ता जूलूस की सकल में हनुमान चौक पहुंचे और कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट के बयान की कड़ी निंदा की। इस मौके पर मनीष राणा ने कहा कि एक ओर मंत्री गणेश जोशी भारत की पूर्व पीएम स्व. इंदिरा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की शहादत को हादसा बता रहे हैं, वहीं दूसरी ओर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष माओवादी कहते हैं। कहा कि भाजपा नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की सफलता से भयभीत होकर बदहवासी में बयानबाजी कर रहे हैं जो कि निंदनीय है। इस मौके पर भूपेश कुडियाल, पालिका सभाषद कविता जोगेला, अमरीकन पुरी आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

### प्रयोगात्मक परीक्षा आज से शुरू होगी

उत्तरकाशी। राजकीय बालिका इंटर कालेज उत्तरकाशी में गुरुवार से प्रयोगात्मक परीक्षाएं शुरू होगी। तय कार्यक्रम के अनुसार 12वीं की गृह विज्ञान और जीव विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा दो और तीन फरवरी तथा इतिहास की प्रयोगात्मक परीक्षा चार फरवीर को होगी।

### प्रधानों ने सभी ब्लॉक मुख्यालयों में तालाबंदी कर विरोध जताया

उत्तरकाशी। ग्राम पंचायतों में मनरेगा के कार्यों में मोबाइल मानिटरिंग किए जाने सहित अन्य राज्य एवं केंद्रीय वित्त के कार्यों में आ रही समस्याओं को लेकर जिले के प्रधानों ने बुधवार को सभी ब्लॉक मुख्यालयों में तालाबंदी कर विरोध जताया। बीडीओ के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजकर समस्या का निस्तारण करने की मांग की। बुधवार को तय कार्यक्रम के अनुसार जिले में भटवाड़ी ब्लॉक के प्रधान अध्यक्ष प्रताप रावत, डुंडा में बृजपाल रजवार, चिन्यालीसौड़ में कोमल सिंह, नौगांव में बलवंत सिंह, पुरोला में अंकित तथा मोरी में मनोज के नेतृत्व में अपने-अपने ब्लॉक मुख्यालय में एकत्रित हुए। जहां पर सभी प्रधानों ने खंड कार्यालय में तालाबंदी और धरने पर बैठ सरकार के विरूद्ध जमकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर प्रधान संगठन के अध्यक्ष प्रताप रावत ने कहा कि सरकार की ओर से मनरेगा के अंतर्गत राज्य में मोबाइल मानिटरिंग सिस्टम को अनिवार्य रूप से लागू किया गया है। लेकिन कई जगहों पर आए दिन नेटवर्क की समस्या बनी रहती है। जिस कारण इसे व्यावहारिक तौर पर लागू करना उचित नहीं है।

# मंत्री सतपाल महाराज ने किया एकेश्वर ब्लॉक के संतूधार 100 करोड़ 70 लाख की योजनाओं के शिलान्यास एवं लोकार्पण

न्यूज वायरस नेटवर्क

देहरादून। प्रदेश के पंचायती राज, पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने अपने विधानसभा क्षेत्र एकेश्वर ब्लॉक के अंतर्गत संतूधार मे 100 करोड़ की लागत से बनने वाले हास्पिटल के साथ साथ 60 लाख की लागत के कुल 6 पंचायत भवनों सहित कुल 100 करोड़ 70 लाख की योजनाओं के शिलान्यास एवं लोकार्पण किये। प्रदेश के पंचायती राज, पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने अपने विधानसभा क्षेत्र भ्रमण के पहले दिन बुधवार को एकेश्वर ब्लॉक के अंतर्गत संतूधार में 100 करोड़ की लागत से बनने वाले 100 बैड के शिवहरी उत्तराखण्ड फाउन्डेशन हास्पिटल का शिलान्यास करने के साथ-साथ राजीव नवोदय विद्यालय परिसर में कुल 60 लाख की लागत से बनने वाले ग्राम पंचायत कोटा, बल्यूली, ग्वाण तल्ला, जैंतोली मल्ली, भैडगांव, पवौली सहित 10-10 लाख की लागत के 6 ग्राम पंचायत भवनों का शिलान्यास किया। इसके अलावा महाराज ने राजीव नवोदय विद्यालय छात्रावास भवन मुख्य परिसर में 10 लाख की विधायक निधि से कराये गये मरम्मत कार्यों का भी लोकार्पण किया।





इस मौके पर भाजपा पौड़ी जिलाध्यक्ष सुषमा रावत, शिव फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ0 शिव हरि, मण्डल एकेश्वर अध्यक्ष गणेश रावत, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वेद प्रकाश वर्मा, एकेश्वर ब्लाक प्रमुख नीरज पांथरी, बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के सदस्य पुष्कर जोशी, जिला पंचायत सदस्य सीमा सजवाण, बीरोंखाल भाजपा मंडल अध्यक्ष ओम पाल, पोखड़ा मंडल अध्यक्ष प्रभुशरण बुड़ाकोटी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र डंडरियाल, जिला मंत्री महिपाल नेगी, ज्येष्ठ प्रमुख मुकेश कंण्डारी, पाबौ, मुख्य विकास अधिकारी पौड़ी, उपजिलाधिकारी संदीप, राजीव नवोदय विद्यालय की प्रधानाचार्य वन्दना, भारद्वाज सहित समस्त प्रधान, बीडीसी सदस्य उपस्थित थे।

# विद्युत समाधान शिविर में हो रहा लोगों की समस्याओं का समाधान

न्यूज वायरस नेटवर्क

रुद्रप्रयाग। बीते एक सप्ताह से जनपद के विभिन्न गांवों में ऊर्जा निगम द्वारा विद्युत समाधान शिविर लगाया जा रहा है, जिसमें अब तक एक सौ से अधिक शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं। अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया जा रहा है। ब्लॉक अगस्त्यमुनि के तूना एवं विकास खण्ड ऊखीमठ के लमगौण्डी, विकास खण्ड जखोली के टुनेटा में विद्युत समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को अधिकारियों के सक्षम रखी। कुल 22 शिकायतें दर्ज हुई, जिसमें से 9 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। ग्रामीणों को मौके पर ही नए संयोजन निर्गत किए गए। खराब मीटर भी बदले गए। ग्रामीणों द्वारा सिंगल फेल लाईन को थ्री फेस लाइन एवं लाइन में परिवर्तन, झूकी हुई लाइनों की मरम्मत एवं बच केबिल लगाए जाने के लिए कहा गया है। इससे पूर्व विकास खण्ड जखोली एवं विकास खण्ड अगस्त्यमुनि के चिरबटिया, डांडाखाल, भीरी, सिद्वसौड़ गांवों में ऊर्जा निगम की ओर से विद्युत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को अधिकारियों के सक्षम रखा। ग्रामीणों को मौके पर ही नए विद्युत संयोजन निर्गत करने तथा खराब मीटर भी बदले की शिकायत मुख्य रूप से की गई। ग्रामीणों द्वारा झूलते हुई विद्युत लाइनों के अतिरिक्त पोलों एवं थ्री फेज बंच केबिल लगाए जाने की मांग की गई। जिसमें 12 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। सिद्धसौड व भीरी में आयोजित शिविर में कुल 22 शिकायतें दर्ज की गई, जिसमें 12 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। वहीं विकास खण्ड जखोली के ग्राम चिरबटिया एवं विकास खण्ड अगस्तमुनि के ग्राम डाडाखाल (जसोली) में विद्युत समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को अधिकारियों के सक्षम रखा इन दोनों स्थानों पर कुल 37 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया ग्रामीणों को मौके पर ही नए संयोजन निर्गत किए गए तथा खराब मीटर भी बदले गए। ग्रामीणों ने झुकी हुई लाइनों की मरम्मत एवं बंच केबिल लगाए जाने के लिए कहा गया है। अधिशासी अभियंता मनोज सती ने विद्युत उपभोक्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में विद्युत समाधान शिविर में पहुंचकर इसका लाभ उठाने की अपील की।

# आयकर सीमा और बढऩे से सरकारी व गैर सकारी तबका खुश

रुद्रप्रयाग। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा जारी बजट में आयकर सीमा को बढ़ाने को लेकर सरकारी एवं गैर सरकारी तबका काफी खुश है। साथ ही सामान्य लोग जो चाहते थे कि इस सीमा को बढ़ाया जाना चाहिए, उन्हें भी काफी खुशी हुई है। इससे समाज के हर कारोबारी को लाभ मिलेगा। हर साल बजट को लेकर समाज के हर वर्ग चाहे नौकरी पेशे वाला हो या फिर कारोबारी, घरेलू महिला एवं अन्य काम धाम से जुड़ा व्यक्ति हो। हर कोई बजट को लेकर टकटकी लगाए रहते हैं। बीते सालों जब आयकर सीमा को 5 लाख किया गया तब भी लोगों ने काफी खुशी जताई। इस बार जब बजट पेश किया गया तो सबसे पहले लोगों ने आयकर सीमा पर ही नजर लगाई।

# मुख्य सचिव ने की प्रदेश में निवेश योग्य योजनाओं के सम्बन्ध में अधिकारियों से चर्चा

न्यूज वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने बुधवार को सचिवालय में शासन और विभाग के सभी अधिकारियों के साथ प्रदेश में निवेश योग्य योजनाओं के सम्बन्ध में चर्चा की। उन्होंने नियोजन विभाग से खरीद वरीयता नीति (क्कह्वह्मष्द्धड्डह्यद्ग क्कह्म्द्गद्घद्गह्म्द्गठ्ठष्द्ग क्कशद्यद्बष्4) तैयार करने के निर्देश दिए। इस पॉलिसी के तहत विभागों से जानकारी मांगी जाए कि किस विभाग को किस प्रकार की खरीद करनी होती है। इसके अनुसार प्रदेश में ही वस्तुओं आदि का उत्पादन पर फोकस किया जाएगा।

मुख्य सचिव ने कहा कि इसके लिए प्रत्येक विभाग से एक प्रारूप में सभी प्रकार की जानकारियां मांगी जाएं ताकि प्रदेश में इन खरीदे जाने वाली वस्तुओं का उत्पादन किया जाए। इससे प्रदेश में उत्पादित होने से रोजगार तो उत्पन्न होगा ही साथ ही राज्य में आर्थिक गतिविधियां भी बढ़ेंगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार खपत संचालित योजनाओं से प्रदेश को लाभ होगा।

मुख्य सचिव ने लैंड बैंक को पोर्टल पर अपलोड किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग लैंड बैंक पोर्टल पर अपने लिए सबसे उपयुक्त भूमि की तलाश कर सकेगा। इससे उस भूमि पर योजना की सफलता के अधिक सम्भावना होगी। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि पर्यटन विभाग के पास पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाने के लिए विभिन्न जगहों पर अपनी भूमि हैं। पर्यटन विभाग के लिए पर्यटन से सम्बन्धित गतिविधियों के लिए उसकी लोकेशन बहुत महत्त्वपूर्ण होती है। और पर्यटन इन भूमियों को प्रयोग करने की योजनाएं बना रहा है, परन्तु आसपास में किसी अन्य विभाग की भूमि है जो पर्यटन की उस योजना के लिए, अधिक अनुकूल है। तो पर्यटन विभाग को अपनी भूमि के बजाय उस अधिक उपयुक्त भूमि पर निवेश करने की आवश्यकता है न कि अपनी भूमि पर। उन्होंने कहा कि विभागों के पास जो भी भूमियां हैं वह सार्वजनिक सम्पत्ति है, जो विभाग को उनके कार्यों के लिए दी गयी है। उन्होंने अधिकारियों द्वारा उनके विभाग की भूमि में उन्हीं के विभाग से सम्बन्धित योजनाओं का ही संचालन हो, की मानसिकता को त्यागे जाने की जरूरत बताया। कहा कि प्रदेश के हित में जिस भूमि का जिस कार्य अथवा योजना के लिए अधिक उपयोगिता होगी, उसी कार्य के लिए प्रयोग की जानी चाहिए।



मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तराखण्ड में कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में पोषक अनाजों पर अत्यधिक सम्भावनाएं हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को इस दिशा में योजनाएं तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्यान विभाग को हॉर्टी टूरिज्म की दिशा में योजनाएं लाए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग को धनौल्टी की तर्ज पर प्रदेशभर में ईको टूरिज्म को बढ़ावा दिए जाने की भी बात कही। मुख्य सचिव ने कहा कि देहरादून मसूरी के आवासीय विद्यालय भारत ही नहीं पूरे विश्व में प्रसिद्ध हैं। इस प्रकार के आवासीय विद्यालयों पर्वतीय क्षेत्रों में बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता है। इससे सिर्फ इन क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां भी बढ़ेंगी जिससे प्रदेश और प्रदेशवासियों को किसी न किसी रूप में लाभ मिलेगा।

मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में बहुत से निवेश और उद्योग छोटी-छोटी समस्याओं के कारण अटक जाते हैं। इनकी समस्याओं के निस्तारण के लिए मैकेनिज्म तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए शासन, मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री स्तर पर तीन स्तर में समितियां गठित की जा सकती हैं। पहले स्तर पर शासन स्तर पर समस्या का निराकरण किया जाए। यदि वहां समस्या का निस्तारण नहीं होता तो मुख्य सचिव स्तर पर किया जाएगा उसके बावजूद नहीं हो सकेगा तो मुख्यमंत्री स्तर पर गठित समिति उस समस्या का निस्तारण करेगी।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनन्द बद्र्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, डॉ. आर. राजेश कुमार एवं अपर सचिव नियोजन रोहित मीणा सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# ग्राम प्रधानों ने किया ब्लॉक मुख्यालयों में धरना-प्रदर्शन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई टिहरी। मनरेगा योजना में नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम लागू करने के विरोध में भिलंगना, प्रतापनगर और चंबा ब्लॉक के ग्राम प्रधानों ब्लॉक मुख्यालय स्थित दफ्तरों में धरना प्रदर्शन कर एनएमएसएस सिस्टम को समाप्त करने के साथ अन्य मांगों के निराकरण की मांग की। ग्राम प्रधानों ने कहा कि जल्द उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं होती है,तो उन्हें उग्र आंदोलन के बाध्य होना पड़ेगा।

बुधवार को भिलंगना ब्लॉक मुख्यालय दफ्तर में ग्राम प्रधानों ने शासन प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम प्रणाली को शीघ्र वापस लेने के साथ अन्य मांगों के निराकरण की मांग की। प्रधान संगठन के अध्यक्ष दिनेश भजनियाल ने कहा कि ग्राम प्रधानों ने पूर्व में कई बार उच्चाधिकारियों के माध्यम से शासन-प्रशासन को उक्त मांगों के संबंध में मांग पत्र भेजा, लेकिन ग्राम प्रधानों की मांगों को कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हो पाई। कहा कि ग्राम प्रधानों द्वारा ब्लॉक मुख्यालय में तालाबंदी की गई, लेकिन सरकार ने पुलिस बल से उनके आंदोलन को दबाना चाहती है। कहा कि एनएसएमएम सिस्टम से मनरेगा श्रमिकों उपस्थित दर्ज नहीं हो पा रही है, जिसके कारण ग्राम प्रधानों के साथ कर्मचारियों को दिक्कतों उठानी पड़ रही है। कहा कि जल्द उनकी मांगों का समाधान नहीं होता है, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

उधर, प्रतापनगर और चंबा ब्लॉकों के ग्राम प्रधानों ने एनएमएसएस सिस्टम समाप्त करने, केंद्रीय और राज्य वित्त की योजनाओं में आ रही दिक्कतों सहित अन्य मांगों के निराकरण की मांग को लेकर ब्लॉक मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कहा कि जल्द उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं होती है तो ग्राम प्रधान सामूहिक इस्तीफा देने को बाध्य होंगे। धरना प्रदर्शन करने वालों में ग्राम प्रधान यशवंत गुसाईं, लोकपाल कंडियाल, चन्द्रशेखर पैन्यूली, दिनेश जोशी,किशन सिंह, ममता देवी, मीना देवी, बुद्धा देवी, प्रदीप पंवार, विजय जोशी, अमर सिंह राणा, प्रमोद प्रसाद, सविता मैठाणी, कंचन देवी, जयवीर सिंह, सनोप सिंह, नरेंद्र सिंह, संजय सिंह आदि मौजूद थे।



## कर्णप्रयाग में प्रधानों ने की ब्लॉक कार्यालय पर तालाबंदी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क


चमोली। मनरेगा सहित केंद्रीय वित्त की योजनाओं में आ रही तमाम समस्याओं को लेकर बुधवार को प्रधानों ने ब्लॉक कार्यालय पर तालाबंदी की। जिसके बाद बीडीओ के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर मामले में कार्रवाई करने की मांग की। प्रधान संघ के प्रदेश कार्यकारिणी के आह्वान पर बुधवार को प्रधानों ने ब्लॉक कार्यालय पर तालाबंदी की। प्रधान संघ के अध्यक्ष सुशील खंडूड़ी ने कहा कि मनरेगा में समय से श्रमांश का भुगतान नहीं हो रहा है। यही नहीं महज 201 रुपये में पूरे दिन श्रमिकों को काम कराया जा रहा है। ऐसे में श्रमिक काम करने के इच्छुक नहीं है। जिससे गांवों में विकास योजनाएं धरातल पर नहीं उतर पा रही है। ग्राम प्रधानों ने कहा कि यदि जल्द मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, केंद्रीय वित्त सहित अन्य योजनाओं में व्याप्त समस्याओं का समाधान नहीं होता तो ग्राम प्रधान उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। बाद में बीडीओ डीएस रावत के माध्यम से प्रधानों ने डीएम को ज्ञापन प्रेषित किया। इस मौके पर प्रधान संघ के महामंत्री गौतम मिंगवाल, कुलदीप बिष्ट, यशवीर सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

ग्राम प्रधानों ने थराली में की तालाबंदीः ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था में देरी को लेकर गुस्साए जनप्रतिनिधियो ने विकास खण्ड कार्यालय थराली में तालाबंदी की। बाद में खंड विकास अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। बुधवार को प्रधान संगठन के ब्लांक अध्यक्ष डॉ. जगमोहन सिंह रावत की अध्यक्षता मे जनप्रतिनिधियों ने खंड विकास अधिकारी थराली को सौंपा है। ज्ञापन मे कहा गया है कि ऑनलाइन व्यवस्था में देरी से केन्द्र व राज्य वित्त की योजनाओं का भुगतान एक लंबे समय से नही हो रहा है, जिस कारण इन योजनाओं में काम कर रहे मजदूरों को आर्थिक तंगी से गुजरना पड़ रहा रहा है। जनप्रतिनिधियों द्वारा शासन को कईबार अवगत किया गया है लेकिन सुनवाई न होने से उन्हे यह कदम उठाना पड़ा है । ज्ञापन में कहा गया है कि जल्द समाधान न मिलने पर आंदोलन की धमकी दी गई है।

## ग्राम प्रधानों ने की विकासनगर, सहसपुर, कालसी और चकराता ब्लॉक मुख्यालयों पर तालाबंदी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

विकासनगर। पछुवादून से लेकर जौनसार बावर क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में विकासनगर, सहसपुर, कालसी और चकराता ब्लॉक मुख्यालयों पर तालाबंदी कर केंद्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। ग्राम प्रधानों ने चारों ब्लॉकों के खंड विकास अधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को 22सूत्रीय मांग पत्र प्रेषित किया। मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में ग्राम प्रधानों ने सरपंच, ग्राम प्रधानों को लोक सेवक के दायरे में लेकर लोक सेवकों की तरह से सुविधाएं देने, 73वां संविधान संशोधन पूरी तरह से लागू करने, केंद्र व सभी राज्यों की सरकारों से पंचायत आयोग गठित कराने, प्रधानों को मानदेय की जगह मासिक पगार बीस हजार, पंचों को चार हजार, प्रधानों की पेंशन आठ हजार रुपये करने, केंद्रीय व राज्य वित्त आयोग की पूरी ग्रांट ग्राम पंचायतों में जमा कराने, ग्राम पंचायतों मे पारित विकास कार्यों में खर्च करने संपूण जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों को देने, ई-टेंडरिंग को दूर कर दस लाख तक के विकास



कार्य करने के लिए तीन कोटेशन की स्वीकृति पंचायतों को देने, केंद्र व राज्य सरकार के सभी प्रोजक्टों में ग्राम पंचायतों को नोडल एजेंसी नियुक्त करने, केंद्र व राज्य सरकार के किसी भी प्रोजक्ट का तालुक प्लानिंग, जिला प्लानिंग, स्टेट प्लानिंग में राष्ट्रीय सरपंच एवं प्रतिनिधि के लिए मेंबर नियुक्त करने,मनरेगा से संबंधित भुगतान हर तीन माह में करने, केंद्रीय वित्त आयोग द्वारा जारी ग्रांट में फंड की बाध्यता समाप्त करने, कोरोना काल में सेवाएं देने वाले पंचायत प्रतिनिधियों को कोरोना वारियर का दर्जा देने की मांग की। साथ ही कार्यकाल दो साल बढ़ाने, प्रधानों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का फैसला पंचों व जनता द्वारा लिए जाने, प्रत्येक पंचायत में सालाना दस लाख रुपये विकास फंड दिए जाने, नेशनल, लोकर टोल टैक्स फ्री करने, पंचायत ऐक्ट की धारा 38 व 40संशोधित करने, पंचायत प्रतिनिधियों को मनरेगा समस्याओं से निजात दिलाने, एमएनएस से श्रमिक उपस्थित संभव न होने पर विकल्प उपलब्ध कराने, योजनांतर्गत पंचायतों में बीस प्रतिशत परगांतरित कार्यों की सीमा को हटाये जाने, श्रमिकों को पूर्व की भांति ऑफ लाइन मस्टरोल पर कार्य कराये जाने, निर्माण कार्यों में सत्तर प्रतिशत सामग्री व तीस प्रतिशत मजदूरी का अनुपात रखने आदि मांगें की गयी। प्रदर्शनकारियों में सहसपुर ब्लॉक में अध्यक्ष मुकेश कुमार, संदेश कुमार, आरती, धीरज, कोमल,वीर बहादुर,बनार सिंह, अजय, विकासनगर में अध्यक्ष नरेंद्र तोमर, नीलम रावत, सपना, तबस्सुम,रेखा,रेखा देवी, नीलम रावत, चकराता में अध्यक्ष दिलीप तोमर, धरम दत्त डिमरी, प्रदीप चौहान, नरेंद्र, टीकम चौहान, गजेंद्र वर्मा, रूपा, कम्मो, जगत सिंह, शरण भारती, मुकेश वर्मा, अनिल खन्ना आदि शामिल रहे।



## ग्राम प्रधानों ने की ब्लॉक कार्यालय तालाबंदी

हल्द्वानी। ग्राम प्रधानों ने अपनी मांगो के लिए ब्लॉक कार्यालय में तालाबंदी की है। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। कहा गया कि मनरेगा के कामों में नए नियमों को लागू कर दिया गया है। जिसे दूर दराज के गांवों में लागू करना मुश्किल है। कहा गया कि राज्य और केंद्र वित्त के कामों में भी बजट की कमी का सामना करना पड रहा है। इस दौरान संगठन से जुडे प्रधान मौजूद रहे।

## जखोली में प्रधान संघ ने ब्लॉक मुख्यालयों में तालाबंदी की

रुद्रप्रयाग। ग्राम प्रधानों ने विकासखण्ड जखोली कार्यालय में विभिन्न मांगों को लेकर तालाबंदी की। इस दौरान प्रधानों ने ब्लॉक कार्यालय में तालाबंदी कर खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से केन्द्रीय ग्रामीण राज्यमंत्री को 23 सूत्रीय ज्ञापन भेजा है। प्रधान संघ ने अपने मांगों को लेकर बुधवार को पूरे दिन भर ~~कार्यालय पर तालाबंदी की, जिस कारण~~ पूरे दिन भर शासकीय कार्य बाधित रहा है। बुधवार को जिला प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भण्डारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में प्रधानों ने ब्लॉक कार्यालय में पहुंच कर अपने विभिन्न मांगों को लेकर तालाबंदी की। इस अवसर पर प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भण्डारी ने कहा है कि सरकार व शासन ने यदि शीघ्र ही प्रधानों, सरपंचों सहित लोक जनप्रतिनिधियों की मांगों पर समय रहते सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो संघ प्रान्तीय व राष्ट्रीय नेतृत्व के बैनर तले विशाल आन्दोलन करेगा। मनरेगा कार्यों में मोबाइल मॉनिटरिंग कार्य लागू न किए जाने, मानदेय बढ़ाने की मांग की है। उधर, अगस्त्यमुनि और ऊखीमठ ब्लॉक में भी प्रधान संघ ने विरोध व्यक्त करते हुए तालाबंदी की। वक्ताओं ने कहा कि सरकार उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं कर रही है। इससे सरकारी काम काज प्रभावित रहा।

## कीर्तिनगर ब्लॉक कार्यालय में की तालाबंदी

श्रीनगर गढ़वाल। प्रधान संगठन कीर्तिनगर ने पंचायत प्रतिनिधियों की मनरेगा, एनएमएमएस सहित अन्य की मांगों पर कार्यवाही न होने पर रोष व्यक्त किया। विरोध स्वरूप आक्रोशित प्रधानों ने बुधवार को कीर्तिनगर ब्लॉक कार्यालय में एक तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन किया। ब्लॉक प्रमुख सोवन सिंह पंवार ने भी प्रधानों के आंदोलन को समर्थन दिया। इस दौरान प्रधान संगठन ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर जल्द जनप्रतिनिधियों की समस्याओं का निस्तारण किए जाने की मांग की। प्रधान संगठन के अध्यक्ष सुनय कुकशाल ने कहा कि प्रधानों को मनरेगा के कार्यों में हो रही समस्याओं का अभी तक हल नहीं निकला है। कहा इस संदर्भ में ज्ञापन और धरना प्रदर्शन के माध्यम से स्थानीय प्रशासन से लेकर प्रदेश सरकार को अवगत कराया। लेकिन कोई सुध नहीं ली जा रही है। कहा एनएमएमएस के श्रमिकों के ऑनलाइन मस्टरोल में कार्य कराना संभव नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत कोरोना काल में प्रधानों को दस-दस हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि दिए जाने और प्रधानों का स्वास्थ्य बीमा करवाए जाने एवं प्रधानों को विधायक, सांसद और मंत्री के तर्ज पर पेंशन योजना का प्रावधान जाने की मांग की।

# भारतीयों पिचों पर अभ्यास मैच खेलना अप्रासंगिक : स्टीव स्मिथ

सिडनी,01 फरवरी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ का कहना है कि चार टेस्ट मैचों की बोर्डर-गावस्कर श्रृंखला से पूर्व 'अप्रासंगिक' भारतीय पिचों पर अभ्यास मैच खेलने के बजाय उनकी टीम का अकेले अभ्यास करना बेहतर है।

ऑस्ट्रेलिया ने महीने भर चलने वाली टेस्ट श्रृंखला के दौरान भारत में एक भी अभ्यास मैच नहीं खेलने का फैसला किया है। इसका मुख्य कारण यह है कि मेजबान देश अभ्यास के लिए घास वाला विकेट मुहैया कराता जबकि वास्तविक मुकाबलों के लिए स्पिन की अनुकूल पिचें तैयार की जाएंगी।

सोमवार को अपने करियर में चौथी बार देश के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले स्मिथ ने कहा कि उनकी टीम को अभ्यास मैच की तुलना में नेट सत्र से अधिक फायदा होगा।



पैट कमिंस की अगुआई वाली 18 सदस्यीय टीम ने श्रृंखला से पूर्व सिडनी में स्पिन की अनुकूल पिचों पर शिविर का आयोजन किया और नागपुर में नौ फरवरी से शुरू हो रहे पहले टेस्ट से पूर्व टीम बेंगलुरू में एक हफ्ते अभ्यास करेगी। टीम के भारत रवाना होने से पहले स्मिथ ने कहा, हम आम तौर पर इंग्लैंड में दो अभ्यास मैच खेलते हैं। इस बार भारत में कोई अभ्यास मैच नहीं है।

उन्होंने कहा, पिछली बार जब हम वहां (भारत में) थे तो मुझे पूरा यकीन है कि हमें घास वाली विकेट मिली थी (अभ्यास करने के लिए) और यह अप्रासंगिक थी। उम्मीद है कि हमें वास्तव में अच्छी प्रशिक्षण सुविधाएं मिलेंगी जहां गेंद के वही करने की संभावना है जैसा पिच पर होने की उम्मीद है।

स्मिथ ने ट्रेविस हेड और डेविड वार्नर को पछाडक़र एलेन बोर्डर मेडल जीता।

भारत दौरे पर अभ्यास मैच शामिल नहीं करने के लिए ऑस्ट्रेलिया की आलोचना हो रही है क्योंकि यह लंबी श्रृंखला का अभिन्न हिस्सा होता है। स्मिथ ने हालांकि कहा कि कड़े नेट सत्र से स्पिनरों को बेहतर अभ्यास करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा, बेहतर है कि हम अपने नेट पर अभ्यास करें और स्पिनरों को जितना मर्जी वह चाहें उतना गेंदबाजी करने का मौका मिले।

स्मिथ की टीम को 2017 में भारत दौरे पर 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने संकेत दिए कि काफी सोच-विचार के बाद यह फैसला किया गया।

उन्होंने कहा, हम इंतजार करेंगे और जब मैदान पर उतरेंगे तो देखेंगे। मुझे लगता है कि हमने अभ्यास मैच नहीं खेलने का सही फैसला किया है। जैसा कि मैंने कहा, पिछली बार उन्होंने हमारे लिए घास वाली पिच तैयार की थी (अभ्यास मैच के लिए) और हमने बामुश्किल स्पिनरों का सामना किया था इसलिए यह अप्रासंगिक है।

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पिछले सप्ताह सिडनी में उन पिचों पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया था जहां भारतीय पिचों की तरह दरार थीं।

स्मिथ ने कहा, यह (भारत में टेस्ट श्रृंखला) निश्चित रूप से बहुत बड़ी श्रृंखला है। मुझे नहीं पता कि क्या यह (भारत में जीत) अंतिम मोर्चा है। मैं वहां कभी नहीं जीता, मैं वहां दो बार (टेस्ट के लिए) गया हूं, वहां खेलना हमेशा मुश्किल होता है। हमारे सामने कुछ चुनौतियां हैं लेकिन खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं।

# इंग्लिश लीग कप के फाइनल में पहुंचा न्यूकासल

न्यूकासल(एजेंसी)। सऊदी समर्थित स्वामित्व ने न्यूकासल क्लब में नई जान फूंकी जब टीम ने मौजूदा शताब्दी में पहली बार कप फाइनल में जगह बनाई और साथ ही मौजूदा सत्र में चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में क्वालीफाई करने की राह पर भी है। न्यूकासल ने मंगलवार को इंग्लिश लीग कप सेमीफाइनल के दूसरे चरण में साउथम्पटन को 2-1 से हराकर कुल स्कोर के आधार पर 3-1 से जीत दर्ज की।

फाइनल में 26 फरवरी को न्यूकासल की भिड़ंत मैनचेस्टर यूनाईटेड से होने की उम्मीद है जो नॉटिघम फॉरेस्ट के खिलाफ पिछले हफ्ते पहले चरण के मुकाबले में 3-0 की जीत से अपनी स्थिति काफी मजबूत कर चुका है। दूसरे चरण का मुकाबला बुधवार को होगा। न्यूकासल ने 1976 के बाद पहली बार लीग कप फाइनल में जगह बनाई है जबकि टीम ने पिछली बार फाइनल मुकाबला 1999 में एफए कप में मैनचेस्टर यूनाईटेड के खिलाफ खेला था।

टीम अभी प्रीमियर लीग तालिका में तीसरे स्थान पर चल रही है और अगर सत्र का अंत शीर्ष चार में करती है तो चैंपियन्स लीग में जगह बना लेगी। एफए कप में ब्लैकबर्न ने दूसरे टीयर की अपनी साथी टीम बमघम को चौथे दौर के मुकाबले में 1-0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई जहां उसका सामना लीसेस्टर से होगा। मैच का एकमात्र गोल आत्मघाती रहा जो बमघम के डिफेंडर ऑस्टन ट्रस्टी ने किया।

## न्यूजीलैंड के साथ श्रृंखला का अंतिम टी20 आज

अहमदाबाद,01 फरवरी। भारतीय टीम बुधवार को यहां तीसरे और निर्णायक टी20 अंतर्राष्ट्रीय में जब न्यूजीलैंड से भिड़ेगी तो मेजबान देश के शीर्ष क्रम के युवा बल्लेबाजों पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव होगा। रोहित शर्मा, विराट कोहली और लोकेश राहुल जैसे अनुभवी खिलाडियों की गैरमौजूदगी में शुभमन गिल, इशान किशन और राहुल त्रिपाठी की तिकड़ी मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रही है। बुधवार को होने वाले मुकाबले के बाद भारत लंबे समय तक टी20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले नहीं खेलेगा जिसके चलते युवा खिलाडियों के पास ऑस्टेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले अपनी छाप छोडऩे का अंतिम मौका है। बांग्लादेश में दोहरा शतक जडऩे के बाद से इशान बल्लेबाजी में लय हासिल करने में नाकाम रहे हैं जबकि टर्न होती गेंद के खिलाफ गिल को भी परेशानी का सामना करना पड़ा है। गिल एकदिवसीय प्रारूप की फॉर्म को टी20 में दोहराने में विफल रहे हैं। नियमित रूप से तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले कोहली की गैरमौजूदगी में मिले मौकों का त्रिपाठी फायदा नहीं उठा पाए हैं। रविवार को सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या की पारियों ने भारत बड़ी मुश्किल से 100 रन के लक्ष्य को हासिल करने में सफल हो पाया। श्रृंखला की पिचें समीक्षा के दायरे में हैं और देखना होगा कि नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खिलाडियों को एक बार फिर स्पिन की अनुकूल पिच का सामना करना पड़ता है या नहीं।

## भारत - न्यूजीलैंड टी20 सीरीज के अंतिम मुकाबले में ये हो सकती है प्लेइंग-11

अहमदाबाद(एजेंसी)। टीम इंडिया आज अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज का अंतिम मुकाबला खेलने उतरेगी। इस मुकाबले में भारत पर जीत का दबाव रहेगा और उसका कारण यह होगा की सीरीज की मेजबानी भारत खुद कर रहा है। साथ ही सीरीज में दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर है। वहीं तीसरे टी20 के लिए बात करें तो हार्दिक पंड्या के नेतृत्व में टीम खेलने उतरेगी इसके लिए भारत की प्लेइंग-11 टीम ये हो सकती है। शुभमन गिल, पृथ्वी शॉ/ईशान किशन, राहुल त्रिपाठी, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, दीपक हुड्डा, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, शिवम मावी, अर्शदीप सिंह इसके अलावा न्यूजीलैंड की टीम मिचेल सैंटनर के नेतृत्व में उतरेगी। प्लेइंग-11 फिन एलेन, डिवॉन कॉन्वे, मार्क चैपमैन, ग्लेन फिलिप्स, डिरेल मिचेल, माइकल ब्रेसवेल, मिचेल सैंटनर, ईश सोढ़ी, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्युसन, ब्लेयर टिकनर को जगह मिल सकती है।

## फरवरी में भी लगातार क्रिकेट खेलगी टीम इंडिया, सामने आया पूरे महीने का शेड्यूल

नईदिल्ली(एजेंसी)। नए साल का पहला महीना पूरा समाप्त हो चुका है और इस महीने और पिछले कुछ महीनों से टीम इंडिया लगातार क्रिकेट खेल रही है। ऐसे में नए महीने यानी फरवरी में भी टीम लगातार क्रिकेट खेलगी। इस साल मैंस वर्ल्ड कप भी खेला जाना है इसकों लेकर भी टीम तैयारी में जुटी हुई है। नए महीने में भारतीय टीम के लिए नया मिशन भी शुरू हो जाएगा। फरवरी में टीम इंडिया के सामने नई चुनौती ऑस्ट्रेलिया होगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज खेली जानी है। ऐसे में यह पूरा महीना भी टीम इंडिया मैदान पर रहेगी और मैच खेलेगी।

# बजट से पहले शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स & 450 अंक उछला-निफ्टी भी मजबूत

मुंबई 01 फरवरी, । बजट 2023 पेश होने में कुछ समय बचा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सुबह 11 बजे संसद में बजट भाषण शुरू करेंगी। वहीं इससे पहले भारतीय शेयर बाजार गुलजार नजर आ रहा है। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने तेज शुरुआत की है। वहीं रुपया मामूली गिरावट के साथ डॉलर के मुकाबले 81.77 रुपये पर खुला। रुपये में 0.18 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

सेंसेक्स में बुधवार को बाजार खुलते समय करीब 450 अंकों तक की बढ़त दिखी। फिलहाल यह 413 अंकों की बढ़त के साथ 59,963 अंकों पर कारोबार करता दिख रहा है। वहीं निफ्टी 107 अंकों की बढ़त के साथ 17707 अंकों पर कारोबार कर रहा है। इससे पहले बुधवार को सेंसेक्स 451.27 अंकों की बढ़त के साथ 60,001.17 अंकों के लेवल पर खुला। वहीं निफ्टी में 17,811.60 अंकों के लेवल पर कारोबार शुरू हुआ।



## बबीता फोगाट जांच समिति में

नयी दिल्ली(एजेंसी)। राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता पहलवान बबीता फोगाट भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ विभिन्न आरोपों की जांच के लिये गठित समिति में शामिल की गई हैं। खेल मंत्रालय द्वारा गठित समिति महासंघ और उसके अध्यक्ष के खिलाफ यौन दुराचार, उत्पीडऩ, धमकी देना, वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं की जांच कर रही है। विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और रवि दहिया जैसे नामी पहलवानों ने ये आरोप लगाये हैं। इस समिति में महान मुक्केबाज एम सी मेरीकोम, पूर्व पहलवान योगेश्वर दत्त, पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी तृप्ति मुरगुंडे भी शामिल हैं। खेलमंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा समिति गठित किये जाने की घोषणा के बाद पहलवानों ने जंतर मंतर पर अपना धरना खत्म किया था। बाद में हालांकि पहलवानों ने कहा था कि समिति का गठन करने से पहले उनसे सलाह नहीं ली गई थी।

## छोटे कारोबारियों को बड़ी सौगात

नई दिल्ली । वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बार के बजट में छोटे कारोबारियों को बड़ी राहत दी है। छोटे कारोबारियों को ब्याज पर 1प्रतिशत छूट का ऐलान किया गया है।

इसके साथ ही केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मोबाइल और टीवी के दाम सस्ते होंगे। साथ ही खिलौने और साइकिलों के दाम भी कम होंगे।

# डिजिटल इंडिया पर जोर, गांव-गांव में ई-लाइब्रेरी, ई कोर्ट का ऐलान

नई दिल्ली(एजेंसी)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट पेश कर रही हैं। यह भारत के लिए बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा कि देश की इकॉनमी का आकार बढ़ा है और हम दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि यह अमृतकाल का पहला बजट है। बीते कुछ सालों में हमने इकॉनमी को मजबूत करने के लिए जो नींव रखी थी, अब उस पर मजबूत इमारत खड़ा करने का मौका है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में डिजिटल इंडिया पर जोर है। उन्होने कहा है कि देश के हर राज्य व हर गांव-गांव में ई-लाइब्रेरी होंगी, वहीं देश में ई कोर्ट का भी ऐलान किया गया है।

## सुपर स्पीड से भागेगी भारतीय ट्रेन, निर्मला सीतारमण ने जारी किया रेलवे के लिए 2.4 लाख करोड़ का बजट

नई दिल्ली 01 फरवरी, । वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त वर्ष 2023-24 का आम बजट संसद में पेश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में मंदी के माहौल में भी भारत की आर्थिक ग्रोथ 7 फीसदी तक रहने का अनुमान है। वहीं बजट में रेलवे के लिए 2.4 लाख करोड़ रुपये का बजट जारी किया गया है। रेलवे की नई योजनाओं के लिए 75000 करोड़ रुपये का फंड आवंटित किया जाएगा। रेलवे में 100 नई अहम योजनाओं की शुरुआत की जाएगी।

## एजुकेशन सेक्टर को बूस्ट, 157 नर्सिंग कॉलेज खोलने का ऐलान- टीचरों को भी तोहफा

नई दिल्ली 01 फरवरी, । संसद के बजट सत्र में आज देश का आम बजट पेश कर दिया गया है। इस बार के बजट में एजुकेशन सेक्टर के लिए भी बड़ा ऐलान किया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शिक्षा के लिए ऐलान करते हुए कहा कि देश में शिक्षकों की ट्रेनिंग के लिए नए प्रोग्राम शुरू किए जाएंगे।

इसके अलावा 157 नए नर्सिंग कॉलेज का ऐलान किया गया है। इसके अलावा नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी को पंचायत और वार्ड लेवल तक खोला जाएगा। प्रादेशिक और अंग्रेजी भाषा में किताबे दी जाएंगी। एनजीओ के साथ मिलकर साक्षरता पर काम किया जाएगा। इसके अलावा एकलब्य स्कूलों के लिए 38800 शिक्षक-कर्मचारी की नियुक्ति की जाएगी।

# त्रिपुरा : 16 फरवरी को मतदान के लिए 43 हजार से अधिक सुरक्षाकर्मी होंगे तैनात

अगरतला 01 फरवरी, (आरएनएस)। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ), त्रिपुरा स्टेट राइफल्स (टीएसआर) और राज्य पुलिस सहित 43,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी त्रिपुरा में 16 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सुरक्षा प्रदान करने के लिए तैनात किए जाएंगे। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि गृह मंत्रालय (एमएचए) निष्पक्ष और हिंसा मुक्त विधानसभा चुनाव के लिए सीएपीएफ की 400 कंपनियां (30,000 सुरक्षाकर्मी) प्रदान करने पर सहमत हो गया है।

अधिकारी ने बताया कि सीएपीएफ के अलावा, असम राइफल्स, सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, लगभग 8,000 टीएसआर जवानों और 5,000 से अधिक त्रिपुरा पुलिस कर्मियों को भी तैनात किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सीएपीएफ की 200 कंपनियां पहले ही त्रिपुरा आ चुकी हैं और राज्य के विभिन्न हिस्सों में तैनात की जा चुकी हैं, जबकि फरवरी के पहले सप्ताह तक सीएपीएफ की 200 और कंपनियां आ जाएंगी।

अधिकारी ने कहा कि सीएपीएफ को क्षेत्र में



वर्चस्व, गश्त, फ्लैग मार्च, वाहन गश्त, नाका ड्यूटी, छापेमारी के अलावा उग्रवाद विरोधी अभियानों के लिए तैनात किया गया था।

अधिकारी के मुताबिक, चुनाव आयोग द्वारा 18 जनवरी को विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद विभिन्न रणनीतिक स्थानों पर कुल 192 नाका प्वाइंट (चेक गेट) स्थापित किए गए हैं।

अधिकारी ने कहा, सभी नाका बिंदुओं पर नाका जांच नियमित रूप से चल रही है। विशेष वाहन जांच भी चल रही है। वाहन जांच के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया गया और 11,000 से अधिक वाहनों की जांच की गई।

उन्होंने कहा कि राज्य में लोगों के बीच सुरक्षा की भावना को बनाए रखने के लिए राज्य पुलिस, टीएसआर और सीएपीएफ की संयुक्त भागीदारी से अब तक 1,700 से अधिक फ्लैग मार्च और एरिया डोमिनेशन पेट्रोलिंग की जा चुकी है।

एक वरिष्ठ चुनाव अधिकारी ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), जो बांग्लादेश की सीमाओं पर तैनात हैं, न केवल अपनी निगरानी तेज करेंगे, बल्कि अपने समकक्षों बॉर्डर गार्डस बांग्लादेश के साथ भी संपर्क में रहेंगे, ताकि भारत में अवैध प्रवेश को रोका जा सके।

उन्होंने कहा, बीएसएफ त्रिपुरा में आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए अधिक सतर्क दृष्टिकोण अपनाने के लिए उन्हें संवेदनशील बनाने के लिए अपने समकक्षों के साथ तुरंत बैठक बुलाएगा। चुनाव आयोग के तीन विशेष पर्यवेक्षकों ने पांच दिनों के लिए त्रिपुरा का दौरा किया और 16 फरवरी की चुनाव तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। तीन विशेष पर्यवेक्षक कर्नाटक कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी योगेंद्र त्रिपाठी हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक विवेक जौहरी और आईआरएस अधिकारी बी. मुरली कुमार, जो गुजरात (2022) और पश्चिम बंगाल (2021) के विधानसभा चुनावों में विशेष पर्यवेक्षक थे।

अधिकारी ने कहा कि पर्यवेक्षकों ने निर्देश दिया कि जहां भी संभव हो, मारिजुआना के बागानों और अन्य प्रवर्तन उपायों का पता लगाने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

## प्रधानमंत्री, स्पीकर ने असम के मुख्यमंत्री सरमा को उनके जन्मदिन पर बधाई दी

नई दिल्ली(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को उनके जन्मदिन पर बधाई दी और उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना की।

प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में लिखा, असम के मेहनती मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा जी को जन्मदिन की बधाई। उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। मोदी ने सरमा की प्रशंसा भी की और कहा कि वह कई जन-समर्थक पहलों के माध्यम से राज्य को ऊर्जावान रूप से बदल रहे हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ने ट्वीट किया, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। राज्य और इसके लोगों को आपके सक्षम नेतृत्व और प्रशासन से लाभ हो। आपके लंबे और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी माइक्रो ब्लॉगिंग साइट पर लिखा और लिखा, असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा को जन्मदिन की बधाई। ईश्वर उन्हें दीर्घायु और स्वस्थ जीवन का आशीर्वाद दें।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास एजेंडे को आगे बढ़ाने के सरमा के अथक प्रयासों से असम में शांति और प्रगति सफलतापूर्वक हुई है।



## प्राधिकरण को 200 करोड़ की थी उम्मीद, मिलेंगे 305 करोड़, ग्रेटर नोएडा में बिके तीन भूखंड

ग्रेटर नोएडा(एजेंसी)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने तय रिजर्व प्राइस से करीब डेढ़ गुना दामों पर तीन बिल्डर भूखंड बेचने में सफलता पाई है। रिजर्व प्राइस पर इन तीन भूखंडों से करीब 200 करोड़ रुपये मिलने का आकलन था, लेकिन औसतन डेढ़ गुना अधिक रेट पर बिकने से प्राधिकरण को इन तीन भूखंडों से अब 305 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे। ये पैसे 90 दिनों में एकमुश्त मिल जाएंगे।

ग्रेटर नोएडा में पहली बार बिल्डर भूखंड का आवंटन ई-ऑक्शन के जरिए हुआ है। इससे ग्रेटर नोएडा में आशियाना चाहने वाले खरीदारों का सपना भी पूरा हो सकेगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी की पहल पर बिल्डर विभाग ने 11 भूखंडों की योजना 6 दिसंबर 2022 को निकाली थी। आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 दिसंबर थी। इनमें से सेक्टर 10 व सेक्टर 12 के तीन भूखंडों के लिए नौ निविदाएं प्राप्त हुईं। मंगलवार को इनकी बिड खुली। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ अदिति सिंह ने बताया कि सेक्टर 10 (प्लॉट- जीएच 03ए) के 22 हजार वर्ग मीटर के भूखंड के लिए रिजर्व प्राइस के आधार पर 70.84 करोड़ रुपये कीमत मिलने का आकलन था, लेकिन मंगलवार को इस भूखंड के लिए 18 राउंड की बिडिंग हुई। मैसर्स गोल्फ ग्रीन मैनसंस ने सर्वाधिक 127.05 करोड़ रुपये की बिड लगाई। इस तरह ये भूखंड रिजर्व प्राइस से करीब 60 फीसदी अधिक दर पर बिका है। दूसरा भूखंड भी सेक्टर 10 (प्लॉट-जीएच 04ए) में ही 20240 वर्ग मीटर का बिका है। रिजर्व प्राइस से इसकी कीमत 70.84 करोड़ रुपये थी, लेकिन ये 57 प्रतिशत अधिक दर पर 125.38 करोड़ रुपये में बिका है। इस प्लॉट के लिए आयरिश इंफ्रास्ट्रक्च र और अंशु हॉस्पिटल ने ये बिड लगाई है।

## जम्मू-कश्मीर के राजौरी में प्रधानमंत्री आवास योजना से 65 हजार लोग लाभान्वित

श्रीनगर(एजेंसी)। जम्मू एवं कश्मीर के राजौरी और पुंछ जिलों के लाखों लोग अभी भी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं।

कुछ साल पहले ऐसे लोगों के लिए पक्के मकान बनाना एक सपना था, क्योंकि उनके पास घर की अन्य जरूरतों को पूरा करने के बाद अपने घर के बारे में सोचने के लिए भी पर्याप्त वित्तीय संसाधन नहीं थे, लेकिन केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही 'प्रधानमंत्री आवास योजना' से अब तक हजारों लोग लाभान्वित हो चुके हैं।

इस योजना के तहत हर पंचायत में दर्जनों गरीबों को आवास निर्माण के लिए राशि दी गई। एक बड़ी उपलब्धि में, राजौरी जिला प्रशासन ने 12,044 घरों का निर्माण किया है, जिससे लगभग 65,000 लोग लाभान्वित हुए हैं।

इस योजना ने पुराने घरों को बदल दिया और उन लोगों के लिए बुनियादी ढांचे और स्वच्छता सुविधाओं में सुधार किया जो अब नए आवासों में रहते हैं।

इसके अलावा, प्रत्येक निर्मित घर में एक शौचालय है, जिसने जिले में सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता में काफी सुधार किया है।

अधिकारियों के अनुसार, निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विशेष फोकस और क्षेत्र विशेष योजना की जरूरत है।

इस संबंध में जिला प्रशासन ने एक प्रभावी रणनीति विकसित की है और यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत की है कि इन महत्वपूर्ण योजनाओं को शुरू करने का उद्देश्य हर कीमत पर पूरा हो।

अधिकारियों को जिले के सभी प्रखंडों में प्रतिमाह एक हजार आवास बनाने का लक्ष्य दिया गया था।

इसके अलावा आईईसी की विशेष गतिविधियां भी कराई गईं और लोगों को इस योजना के तहत घर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

रविवार को समीक्षा बैठक में जिला विकास आयुक्त ने कहा कि इस सफलता से हजारों परिवारों को सम्मानित, सस्ता और सुरक्षित आवास मिल सका है, जिससे जिले में समुदाय के बीच सुरक्षा और कल्याण की भावना पैदा हुई है।

मंजाकोट ब्लॉक की रुकिया बेगम ने कहा, पहले मैं अपने बच्चों के साथ मिट्टी के टूटे-फूटे घर में रहती थी और कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, खासकर आंधी और बारिश में, लेकिन अब सरकार की मदद से नया घर मिल गया है। उन्होंने आवास उपलब्ध कराने के लिए एलजी और जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। इसी तरह ब्लॉक सुंदरबनी से बाबू राम, ब्लॉक नौशेरा से अश्विनी कुमार और ब्लॉक डोंगी से ओम प्रकाश और कई अन्य ऐसे लाभार्थी हैं, जिन्होंने वित्तवर्ष 2022-23 में अपना घर बनाना शुरू किया और पूरा किया है।

# आम बजट गरीबों और मध्यम वर्ग के सभी लोगों के सपनों को पूरा करेगा : नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई देते हुए कहा कि देश के लिए यह ऐतिहासिक बजट साबित होगी। अमृतकाल का ये पहला बजट विकसित भारत के विराट संकल्प को पूरा करने के लिए एक मजबूत नींव का निर्माण करेगा। ये बजट वंचितों को वरीयता देता है। ये बजट आज की -गांव-गरीब, किसान, मध्यम वर्ग, सभी के सपनों को पूरा करेगा। नरेंद्र मोदी ने कहा कि परंपरागत रूप से अपने हाथ से औज़ारों और टूल्स से कड़ी मेहनत कर कुछ न कुछ सृजन करने वाले करोड़ों विश्वकर्मा इस देश के निर्माता हैं। लोहार, सुनार, कुम्हार, सुथार, मूर्तिकार, कारीगर, मिस्त्री अनगिनत लोगों की बहुत बड़ी लिस्ट है। इन सभी विश्वकर्माओं की मेहनत और सृजन के लिए देश इस बजट में पहली बार अनेक प्रोत्साहन योजना लेकर आया है। ऐसे लोगों के लिए, ट्रेनिंग, टेक्नॉलॉजी, क्रेडिट और मार्केट सपोर्ट की व्यवस्था की गई है। पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान यानि पीएम विकास, करोड़ों विश्वकर्माओं के जीवन में बहुत बड़ा बदलाव लायेगा। नरेंद्र मोदी ने कहा कि शहरी महिलाओं से लेकर गांव में रहने वाली महिलायें हों, कारोबार रोजगार में व्यस्त महिलायें हों, या घर के काम में व्यस्त महिलायें हों, उनके जीवन को आसान बनाने के लिए बीते वर्षों में सरकार ने अनेक कदम उठाएँ हैं। जल जीवन मिशन हो, उज्जवला योजना हो, पीएम-आवास योजना हो, ऐसे अनेक कदम इन सबको बहुत बड़ी ताकत के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। उसके साथ-साथ महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप, एक बहुत बड़ा सामर्थ्यवान क्षेत्र आज भारत में बहुत बड़ी जगह




कर चुका है, उनको अगर थोड़ा सा बल मिल जाए तो वो कर सकते हैं। महिलाओं के लिए एक विशेष बचत योजना भी शुरू की जा रही है। और जन धन अकाउंट के बाद ये विशेष बचत योजना सामान्य परिवार की गृहिणी माताओं-बहनों को बहुत बड़ी ताकत देने वाली है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह बजट सहकारिता को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास की धुरी बनाएगा। सरकार ने को-ऑपरेटिव सेक्टर में दुनिया की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना बनाई है-स्टोरेज कपेसिटी। बजट में नए प्राइमरी को-ऑपरेटिव्स बनाने की एक महत्वाकांक्षी योजना का भी ऐलान हुआ है। इससे खेती के साथ-साथ दूध और मछली उत्पादन के क्षेत्र का विस्तार होगा, किसानों, पशुपालकों और मछुआरों को अपने उत्पाद की बेहतर कीमत मिलेगी। नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब हमें डिजिटल पेमेंट्स की सफलता को एग्रीकल्चर सेक्टर में दोहराना है। इसलिए इस बजट में हम डिजिटल एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर की एक बहुत बड़ी योजना लेकर आए हैं। आज दुनिया इंटरनेशनल मिलेट ईयर मना रही है। भारत में मिलेट्स के अनेक प्रकार हैं, अनेक नाम हैं। आज जब मिलेट्स, घर-घर में पहुंच रहा है, पूरी दुनिया में पॉपुलर हो रहा है, तो उसका सर्वाधिक लाभ भारत के छोटे किसानों के नसीब में है, और इसलिए आवश्यकता है कि एक नए तरीके से उसको आगे ले जाया जाए। इसकी एक नई पहचान, विशेष पहचान आवश्यक है। इसलिए अब इस सुपर-फूड को श्री-अन्न की नई पहचान दी गई है, इसके प्रोत्साहन के लिए भी अनेक योजनाएँ बनाई गई हैं। श्री-अन्न को दी गई प्राथमिकता से देश के छोटे किसानों, हमारे आदिवासी भाई-बहन जो किसानी करते हैं, उनको आर्थिक सम्बल मिलेगा और देशवासियों को एक स्वस्थ जीवन मिलेगा।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि बहुत तेजी से बदलते भारत में मध्यम वर्ग, विकास हो या व्यवस्था हो, साहस हो या संकल्प लेने का सामर्थ्य को जीवन के हर क्षेत्र में आज भारत का माध्यम वर्ग एक प्रमुख धारा बना हुआ है। समृद्ध और विकसित भारत के सपनों को पूरा करने के लिए मध्यम वर्ग एक बहुत बड़ी ताकत है। जैसे भारत की युवा शक्ति ये भारत का विशेष सामर्थ्य है, वैसे ही बढ़ता हुआ भारत का माध्यम वर्ग भी एक बहुत बड़ी शक्ति है।

## 25 साल का ब्लूप्रिंट है 2023-24 का बजट : अमित शाह

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किए गए आम बजट को लेकर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बजट 2023-24 देश के लिए अगले 25 साल के विकास के ब्लू प्रिंट के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की टीम को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। अमित शाह ने कहा कि मध्यम व वेतनभोगी वर्ग को टैक्स में बड़ी राहत देने के लिए मोदी जी का आभार। टैक्स रिबेट को ?5 लाख से बढ़ा कर ?7 लाख करना और टैक्स स्लैब में किये गए अभूतपूर्व बदलाव से मध्यम वर्ग को बहुत लाभ होगा। साथ ही सरकारी



कर्मचारियों को दी गई राहत का भी मैं स्वागत करता हूँ।कैपिटल एक्सपेंडिचर में 33त्न की वृद्धि करते हुए उसे 10 लाख करोड़ रुपये करना और स्नद्बह्यष्ड्डद्य ष्ठद्गद्घद्बष्द्बह्ल को 5.9त्न रखने का लक्ष्य सरहनीय है। यह मोदी सरकार की सशक्त बुनियादी ढांचे और मजबूत अर्थव्यवस्था वाले नये भारत बनाने की दूरदर्शिता को दर्शाता है।सहकारी क्षेत्र के लिए एक और महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है, जिसमें चीनी सहकारी समितियों द्वारा 2016-17 से पहले किसानों को किये गए भुगतान को अपने खर्च में दिखा पाने की सुविधा दी गयी है इससे करीब ?10हजार करोड़ की राहत सहकारी चीनी मिलों को मिलेगी। मैं इस प्रस्ताव का स्वागत करता हूँ। अमित शाह ने कहा कि किसी भी देश के उज्जवल भविष्य की नींव उसकी शिक्षित व कौशलवान युवा पीढ़ी होती है। युवाओं को किताबें उपलब्ध कराने के लिए नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने के निर्णय का मैं हृदय से स्वागत करता हूँ। कृषि ऋण को बढ़ा कर ?20 लाख करोड़ किया गया है। युवा उद्यमियों द्वारा कृषि-स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए एग्रीकल्चर एक्सीलेटर फंड बनाया जाएगा। साथ ही अगले 3 वर्षों तक 1 करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती करने में मदद की जाएगी व 10 हजार क्चद्बश द्ब्ठ्ठश्चह्वह्ल क्रद्गह्यशह्वह्म्ष्द्ग ष्टद्गठ्ठह्लह्म्द्ग बनाए जाएंगे।

## संपादकीय

### विकास की गति को तेज करेगा यह बजट

यह बजट संतुलित और प्रगतिशील है. इसमें समग्र विकास को प्राथमिकता दी गयी है. बजट में की गयी घोषणाओं में अर्थव्यवस्था की जरूरतों का ध्यान रखा गया है. इसमें अर्थव्यवस्था को लेकर जो अनुमान लगाया गया है और वित्तीय घाटे को कम करने के उपाय किये गये है, उससे हमारी अर्थव्यवस्था की साख मजबूत होगी. सबसे खास बात है कि सार्वजनिक खर्च में की गयी ऐतिहासिक वृद्धि से विभिन्न क्षेत्रों में तेजी आयेगी और निजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा. विकास दर को बनाये रखने के लिए निवेश और खपत को बढ़ाने की जरूरत थी. इसी के मद्देनजर सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर होने वाले खर्च में 33 फीसदी की वृद्धि यानी 10 लाख करोड़ खर्च करने की घोषणा की है. यह जीडीपी का 3.3 फीसदी है. मध्यवर्ग को आयकर में छूट देने के फैसले से खपत बढ़ने की संभावना है. वित्तमंत्री ने स्पष्टतौर पर कहा कि वित्तीय घाटे से समझौता किये बिना विकास प्राथमिकता रहेगी. बजट में मैन्युफैक्चरिंग प्रतिस्पर्द्धा, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और सभी वर्गों को आजीविका मुहैया कराने में सहयोग देने पर जोर दिया है. वैश्विक स्तर पर विकास दर में आयी कमी को देखते हुए सरकार का भारत को निर्यात के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी बनाने का वादा स्वागत योग्य है और बजट में निर्यात को सहयोग देने का निर्णय सही समय में उठाया गया सही फैसला है. बजट में छोटे एवं लघु उद्योगों के लिए की गयी घोषणा काफी अहम है. इस उद्योग के लिए नौ हजार करोड़ रुपये की सहायता से दो लाख करोड़ का क्रेडिट फ्लो होगा और उत्पाद की कीमत एक फीसदी कम होगी. सरकार ने कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया है. उद्योग की जरूरत के हिसाब से युवाओं का कौशल विकास, डिजिटलीकरण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का गठन और निजी क्षेत्र की भागीदारी, कृषि क्षेत्र के लिए डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, छोटे एवं लघु उद्योगों के लिए डिजीलॉकर, कौशल विकास का समग्रडिजिटल प्लेटफार्म और नेशनल डेटा गवर्नेंस पॉलिसी से देश में सुधार के नये युग की शुरुआत होगी. इससे देश में इनोवेशन बढ़ेगा और स्टार्टअप का तेजी से विकास होगा. बजट में कृषि पर विशेष फोकस रहा है. देश की अर्थव्यवस्था में कृषि का अहम रोल है और बजट में इसपर खास ध्यान दिया गया है. बजट में एग्रीकल्चर एक्सीलेटर फंड की घोषणा से ग्रामीण क्षेत्र के युवा उद्यमियों को एग्री स्टार्टअप शुरू करने में मदद मिलेगी. किसानों के लिए कॉपरेटिव आधारित आर्थिक विकास का मॉडल एक बेहतर कदम है.

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# आम बजट देश के विकास के प्रति समर्थित दूरदर्शी बजट : जेपी नड्डा

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश बजट को लेकर कहा कि अमृत काल का पहला आम बजट 2023-24 एक लोक-कल्याणकारी और देश के विकास के प्रति समर्पित दूरदर्शी बजट है। यह गाँव, गरीबों, किसानों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, शोषितों, वंचितों, दिव्यांगजनों, आर्थिक रूप से पिछड़े तथा मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त और सक्षम बनाने वाला बजट है। यह ग्राम विकास, कृषि विकास, श्रमिक कल्याण, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर सहित पूरे देश के समग्र विकास को समर्पित बजट है। नड्डा ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के नागरिकों को सामाजिक न्याय, समानता, सम्मान और समान अवसर उपलब्ध कराने वाला बजट है। यह बच्चों की पढाई, मध्यम वर्ग की कमाई और बुजुर्गों की भलाई पर बल देने वाला बजट है। ऐसे सर्व-स्पर्शी, सर्व-समावेशी एवं देश के जन-जन और हर क्षेत्र के सर्वांगीण कल्याण के प्रति समर्पित आम बजट के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं उनकी पूरी टीम को भी अपनी ओर से एवं पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं की ओर से बधाई देता हूँ और उनका हार्दिक अभिनंदन करता हूँ। आम बजट 2023-24 का एजेंडा है - नागरिकों के लिए बड़े अवसर उपलब्ध कराना, विकास और रोजगार सृजन को मजबूत प्रोत्साहन प्रदान करना और व्यापक आर्थिक स्थिरता को मजबूत करना। इस बजट की 7 अर्थात सप्तर्षि प्राथमिकताएं हैं - समावेशी विकास, लास्ट माइल डिलीवरी, बुनियादी ढांचा और निवेश, क्षमता को उजागर करना, हरित विकास, युवा और वित्तीय क्षेत्र की मजबूती। यह महज वर्ष 2023-24 के डेवलपमेंट का एजेंडा नहीं है, बल्कि देश के लिए विकसित अर्थव्यवस्था की बुनियाद रखने वाला ब्लू प्रिंट है। जेपी नड्डा ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी ने इस बजट के माध्यम मध्य वर्ग के नौकरीपेशा



लोगों को ऐतिहासिक तोहफा दिया है। अब नौकरी पेशा लोगों को 7 लाख रुपये सालाना की आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। साथ ही, टैक्स स्लैब को भी घटा कर 5 तक सीमित कर दिया गया है। मैं मध्यम वर्ग और द्बह्लड्डद्वह्म्ह्यद्गह्म् ष्ह्यद्गह्यह्व के लोगों के हेतु लिए गए इस संवेदनशील निर्णय का स्वागत करता हूँ।पिछड़े आदिवासी समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए क्करूक्कक्कच्ज्ञ विकास मिशन शुरू किये जाने का निर्णय नरेन्द्र मोदी सरकार की आदिवासी विकास के प्रति गंभीरता को दिखाता है। इस योजना के लिए लगभग 15 हजार करोड़ रुपये का कोष बनाया गया है जिससे क्कक्कच्ज्ञ बस्तियों में बुनियादी सुविधाएं दी जाएंगी।बच्चों और किशोरों के लिए राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय स्थापित किया जाना और अगले 3 साल में 740 एकलव्य स्कूलों के लिए 38 हजार 800 टीचर्स और सपोर्ट स्टाफ नियुक्त किए जाने का निर्णय एक स्वागतयोग्य कदम है। जेपी नड्डा ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन पर ध्यान देने के साथ कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये किये जाने के निर्णय का हृदय से स्वागत करता हूँ। अगले 3 साल तक 1 करोड़ किसानों को नेचुरल फॉर्मिंग में मदद की जाएगी। इसके लिए 10 हजार बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर्स बनाए जाएंगे जो कि एक स्वागत योग्य कदम है। युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए पीएम कौशल विकास योजना 4.0 की घोषणा सर्वथा स्वागतयोग्य कदम है। इसके तहत देश भर में 40 स्किल इंडिया सेंटर्स स्थापित किये जायेंगे जो युवाओं के कौशल में और निखार लाएगा और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगा।

## प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में दुनिया के शीर्ष तीन अर्थव्यवस्था बनने में सहायक है बजट : रूडी

नई दिल्ली(एजेंसी)। लोकोपयोगी, कल्याणकारक और देश के पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में सहायक है बजट। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा सभी वर्गों का ख्याल रखते हुए पारित यह बजट प्रशंसनीय, लोकोन्मुखी और शीर्ष तीन अर्थव्यवस्था बनने में यह सहायक है। बुधवार को केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा संसद में 45.03 लाख करोड़ का आम बजट पेश करने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव प्रताप रुडी ने उक्त बाते कही। उन्होंने बजट में जनहितैसी निर्णय लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आम आदमी को सपनों को सच करने की नई ताकत मिली है आम बजट से। रुडी ने कहा कि इस बजट से सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है जो हमें कुछ वर्षों के भीतर 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था और दुनिया के शीर्ष तीन अर्थव्यवस्था बनने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की ओर ले जाएगा।

# निमृत कौर अहलूवालिया बनी बिग बॉस 16 के फिनाले में पहुंचने वाली पहली कंटेस्टेंट



टेलीविजन अभिनेत्री निमृत कौर अहलूवालिया विवादित रिएलिटी शो बिग बॉस 16 के फिनाले में पहुंचने वाली पहली प्रतियोगी हैं। वह नवीनतम एपिसोड में एक टास्क के दौरान टिकट टू फिनाले को सुरक्षित रखने में सफल रहीं। लेटेस्ट एपिसोड में बिग बॉस ने सभी कंटेस्टेंट को एक-एक करके बुलाया और उनसे उस कंटेस्टेंट का नाम बताने को कहा जिसे वे कंट्रोल करना चाहते हैं।

प्रियंका और शालिन दोनों ने शिव ठाकरे का नाम लिया। बाद में टिकट टू फिनाले को लेकर टास्क शुरू हुआ। प्रतियोगियों को एक रिमोट-कंट्रोल टास्क खेलना था, जहां बगीचे में एक टेलीविजन सेट रखा गया था, जिसमें प्रतियोगियों को दिखाया गया था और घर का मालिक उस प्रतियोगी का चयन करेगा, जिसे कप्तानी की दौड़ से किसी को बाहर करने का मौका मिलता है।

प्रियंका और एमसी स्टेन किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचे तो बिग बॉस ने कार्य समाप्त कर दिया। निमृत कप्तान बनी हुई हैं और फिनाले वीक में पहुंचने वाली पहली व्यक्ति बन गई हैं। बिग बॉस 16 के वर्तमान प्रतियोगी निमृत कौर, शालिन भनोट, सुम्बुल तौकर, प्रियंका चाहर, शिव ठाकरे, एमसी स्टेन और अर्चना गौतम हैं।कलर्स शो का फिनाले 12 फरवरी को होगा।

## कटआउट थाई स्लिट ड्रेस में नेहा भसीन लगीं बेहद हॉट

बिग बॉस सीजन 15 की एक्स कंटेसटेंट और बॉलीवुड सिंगर नेहा भसीन इन दिनों अपने बोल्ड फोटोज और वीडियोज से सोशल मीडिया का पारा गर्म करने में लगी हुई हैं। नेहा भसीन जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में सुर्खियां बटौरने लगती हैं। हाल ही में नेहा का लेटेस्ट ग्लैमरस लुक ने एक बार फिर इंटरनेट पर तूफान ला दिया है। नेहा भसीन ने हाल ही में अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में नेहा भसीन का हॉट अवतार देख कर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। नेहा भसीन ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों में हॉल्टर नेकलाइन सिल्वर कलर की थाई स्लिट ड्रेस पहनी हुई है। सिंगर नेहा अपने इस आउटफिट में बेहद ही सिजलिंग और हॉट दिखाई दे रही हैं। उनकी इन तस्वीरों को देख कर फैंस एक बार फिर से उनकी अदाओं पर क्लीन बोल्ड हो गए हैं। ओपन हेयर और ग्लॉसी मेकअप के साथ नेहा भसीन ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। इन तस्वीरों में नेहा भसीन अपना परफेक्ट फिगर, क्लीवेज और हाथ पर बना स्कॉर्पियो टैटू फ्लॉन्ट करते हुए हॉट फोटोशूट करवा रही हैं। नेहा भसीन इन दिनों भले ही ज्यादा काम करती हुई नहीं नजर आ रही हो लेकिन वो सोशल मीडिया पर आए दिन फैंस के साथ जुड़ी हुई रहती हैं। बता दें कि नेहा भसीन सोशल मीडिया लवर हैं और आए दिन फैंस के बीच अपनी सिजलिंग और बोल्ड तस्वीरें शेयर करती रहती हैं, जिसमें फैंस अपनी प्रतिक्रियाएं भी देते हैं।



## वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की बवाल की रिलीज डेट टली

वरुण धवन और जाह्नवी कपूर अपनी आगामी फिल्म बवाल को लेकर चर्चा में हैं। साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित यह फिल्म 7 अप्रैल, 2023 को रिलीज होने वाली थी। हालांकि, अब प्रशंसकों को इस फिल्म के लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा क्योंकि कुछ तकनीकी मुद्दों के कारण इस फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। बता दें कि यह वरुण के करियर की अब तक की सबसे महंगी फिल्म होगी।

रिपोर्टेस के मुताबिक, निर्देशक नितेश तिवारी ने कहा, फिल्म की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए हम किसी भी तरह से फिल्म के इफेक्ट्स से समझौता नहीं कर सकते हैं। इसी वजह से हमने फिल्म की रिलीज डेट को स्थगित करने का फैसला लिया है। बवाल फिल्म की ऑनस्क्रीन प्रस्तुति को लेकर निर्माता काफी ज्यादा उत्साहित हैं, इसलिए वह पोलैंड में एक विशेष तकनीक का इस्तेमाल करके इस फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं।



बवाल एक छोटे शहर के एक लडक़े की कहानी है और वह शहर की सबसे खूबसूरत मानी जाने वाली लडक़ी से शादी करना चाहता है। बवाल की शूटिंग के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं। इसमें एक खास ऐक्शन सीन की शूटिंग में करीब ढाई करोड़ रुपये प्रतिदिन खर्च हुए। वहीं 10 दिन में यूरोप में शूट किए गए एक दृश्य पर करीब 25 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे।

इस फिल्म की शूटिंग भारत के अलावा पेरिस, पोलैंड, बर्लिन और एम्सटर्डम की महंगी जगहों पर की गई है। फिल्म के लिए स्टंटबाज और एक्शन डायरेक्टर जर्मनी से बुलाए गए हैं। इसके क्रू में 700 से ज्यादा लोग शामिल हैं। इस फिल्म के निर्माता दर्शकों के लिए इसे एक बेहतरीन अनुभव बनाने का कोई मौका नहीं छोडऩा चाहते हैं, इसलिए इस फिल्म की शूटिंग में खूब पैसा बहा रहे हैं।

## साउथ फिल्म दशहरा का टीजऱ हुआ रिलीज

साउथ इंडस्ट्री की मूवी को खूब पसंद किया भी किया जा रहा है। इस बात का सबूत उनके बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में नजर आ रहा है। पुष्पा, आरआरआर, केजीएफ 2 और कांतारा जैसी मूवी को लोगों ने खूब प्यार दिया है। अब साउथ इंडस्ट्री की एक और फिल्म आने वाली है और इसका टीजर रिलीज भी किया जा चुका है। खबरों का कहना है कि साउथ एक्टर नानी की तेलुगू फिल्म दशहरा का धमाकेदार टीजर सामने आया है जिसे देखने के उपरांत लोग फिल्म का बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे है। मूवी दशहरा के टीजर और नानी के अंदाज को देखकर लोगों का बोलना है कि ये साउथ की ही मूवी पुष्पा को टक्कर देने आ रही है। फिल्म के टीजर की ना सिर्फ फैंस बल्कि सेलिब्रिटीज भी तारीफ भी कर रहे है। आइए जानते है कि नानी की मूवी दशहरा के टीजर में ऐसा क्या है। साउथ एक्टर नानी की मूवी दशहरा के टीजर में भी दिखाया है कि एक गांक वीरलापल्ली होता है और यहां का एक लडक़ा अपने लोगों के लिए लड़ाई भी कर रहे है।